झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/83/18 –05 ,राँची/दिनांक: 19/03/2019

विभागान्तर्गत अभियंत्रण संस्थानों में शैक्षणिक वर्ष–2019–20 में नामांकन प्रकिया में की गयी परिवर्तन से संबंधित सूचना

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा राज्य में स्थित सरकारी, गैर–सरकारी एवं पी0पी0पी0 मोड पर संचालित अभियंत्रण संस्थानों में नामांकन के निमित्त वर्ष–2001 से झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर अभ्यर्थियों को उनके मेधा–सह–ईच्छा के आलोक में संस्थानों में नामांकन की अनुशंसा की जाती रही है। वर्ष–2017 से स्नातक स्तरीय अभियंत्रण पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए पर्षद द्वारा झारखण्ड अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के नाम से अलग से प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जा रही है।

उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, रॉची के ज्ञापांक–03–त0शि0प्र0JCECEB-01/18-418 दिनांक–08.03.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के माध्यम से शैक्षणिक वर्ष–2019–20 से विभागान्तर्गत अभियंत्रण महाविद्यालयों में नामांकन हेतु अलग से झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा झारखण्ड अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करने के स्थान पर National Testing Agency (NTA) द्वारा Joint Entrance Examination (Main) के Rank के अनुसार online counseling के माध्यम से संस्थान एवं सीट आवंटन की व्यवस्था लागू करने के लिए संसूचित किया गया है।

अतः पर्षद द्वारा एतद् प्रेस विज्ञप्ति राज्य के छात्रों/छात्राओं के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है कि **शैक्षणिक वर्ष–2019–20 से विभागान्तर्गत अभियंत्रण महाविद्यालयों में नामांकन हेतु झारखण्ड अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन नहीं किया जायेगा अपितु National Testing Agency (NTA) द्वारा Joint Entrance Examination (Main) के परीक्षाफल के आधार पर** छात्रों/छात्राओं **का साक्षात्कार** (counselling) **करके नामांकन की अनुशंसा विभिन्न अभियंत्रण महाविद्यालयों में** उनके **मेधा–सह–ईच्छा के अनुरूप सीटों का आवंटन किया जायेगा जिसकी सूचना पर्षद के अधिकृत वेबसाईट http://jceceb.jharkhand. gov.in तथा दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से ससमय प्रकाशित किया जायेगा।**

(दिलीप कुमार झा, मा0प्र0से0)
परीक्षा नियंत्रक